
देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 158 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...अजेंडा
बनाम मुद्दा

# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 23 सितंबर 2020



मौसम अधिकतम 31.0⁰ न्यूनतम 21.0⁰

37244.59

2 राफेल और मिराज से दहशत में चीन

7 अभी और अच्छे मुकाबले देखने को मिलेंगे

# रिकवरी मामले में भारत नंबर-1

## 24 घंटों में 1 लाख से अधिक कोरोना मरीज हुए ठीक

■कोरोना का रिकवरी रेट 86 फीसदी हो गया है: स्वास्थ्य मंत्रालय

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस को लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय की प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक खुशखबरी सामने आई। इसमें स्वास्थ्य मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण ने बताया कि देश में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन राहत की बात ये है कि मरीजों के ठीक होने की संख्या भी बढ़ रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, देश में कोरोना का रिकवरी रेट 86 फीसदी हो गया है। वहीं विश्व में रिकवरी रेट के मामले में भारत पहले स्थान पर है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश में कोरोना वायरस से ठीक होने वाली मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और मृत्यु दर में कमी देखने को मिल रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हम केस को पहले पकड़ पाए हैं, टेस्टिंग की सुविधा बढ़ाई गई है। पिछले 24 घंटों में 1 लाख से अधिक कोरोना मरीज हुए ठीक। एक दिन में सबसे अधिक रिकवरी हुई है। अब कुल रिकवर मामलों की संख्या लगभग 45 लाख है। इसके बाद देश में कोरोना का रिकवरी रेट 80.86 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

**दिल्ली ने फिर बढ़ाई टेंशन:** दिल्ली में मामले बढ़े हैं, इसलिए फिर से दिल्ली सरकार से बात की जा रही है। दिल्ली में अचानक मामले बढ़ना चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार से इस बारे में फिर से चर्चा की जा रही है। बता दें कि कुछ दिन पहले तक दिल्ली में एक हजार के आसपास मामले सामने आने लगे लेकिन अब दो हजार से अधिक मामले सामने आने लगे हैं। इसके साथ ही देश में कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

**भारत दुनिया में रिकवरी के मामले में सबसे आगे**

स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपनी प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि भारत में कोरोना वायरस मरीजों के ठीक होने की दर (रिकवरी रेट) लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इसीलिए सक्रिय मामलों और रिकवर मामलों के बीच का अंतर भी बढ़ रहा है। विश्व में रिकवरी रेट के मामले में भारत नंबर-1 पर पहुंच गया है। विश्व में टोटल रिकवरी रेट जो कि कुल 86 प्रतिशत है इसमें भारत की हिस्सेदारी 19.5 प्रतिशत है, वहीं दूसरे नंबर पर अमेरिका की जिसकी हिस्सेदारी 18.6 प्रतिशत, वहीं ब्राजील 16.8 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ तीसरे नंबर पर है।

**लगातार बढ़ रही जांच की रफ्तार**

राजेश भूषण ने कहा कि देश में 1 करोड़ टेस्ट 7 जुलाई तक किए गए हैं। वहीं एक करोड़ से 3 करोड़ टेस्ट करने में 27 दिन लगे हैं। देश में 17 सितंबर तक 6 करोड़ टेस्ट किए जा चुके हैं। वहीं तीन और चार सितंबर को हमने 11 लाख से ज्यादा सैंपल की जांच की। अब तक 6 करोड़ से ज्यादा जांच हो चुकी हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 14 राज्यों में पांच हजार से भी कम मामले हैं। वहीं प्रति 10 लाख की आबादी पर जांच की संख्या लगातार बढ़ रही है। भारत में चिकित्सा प्रोटोकॉल में जरूरत के अनुसार बदलाव लाए गए हैं।



*हम 50 लाख से ज्यादा कोरोना के मामलों की बात करते हैं, लेकिन यह भूल जाते हैं कि 45 लाख के आसपास लोग ठीक हो चुके हैं।*
–स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण

# स्वच्छ-निर्मल गंगा की दिशा में बढ़ा एक ओर कदम

## पीएम मोदी नमामि गंगे के तहत 29 को करेंगे नौ एसटीपी का लोकार्पण

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ऋषिकेश। उत्तराखंड में गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाने की दिशा में एक ओर कदम बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 सितंबर को नमामि गंगे के तहत नौ एसटीपी का लोकार्पण करेंगे। इनमें हरिद्वार में चार, ऋषिकेश और मुनिकीरेती में तीन, गंगोत्री और बदरीनाथ मे दो एसटीपी का वर्चुअली लोकार्पण किया जाएगा। इसके लिए नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति कर दी गई है।

गोमुख से गंगा सागर तक गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाने की योजना जल्द धरातल पर नज आएगी। उत्तराखंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नमामि गंगे के तहत ड्रीम प्रोजेक्ट के लोकार्पण की तारीख निर्धारित हो गई है। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग भारत सरकार ने उत्तराखंड में नमामि गंगे परियोजना के तहत ऋषिकेश, हरिद्वार, गंगोत्री और बदरीनाथ में बने नौ एसटीपी के वर्चुअल लोकार्पण की तिथि तय कर दी गई है। हरिद्वार के कार्यक्रम के लिए एसके शर्मा मुख्य महाप्रबंधक उत्तराखंड जल संस्थान, मुकेश मोहन प्रमुख अभियंता सिंचाई विभाग उत्तराखंड को नोडल अधिकारी बनाया गया है। वहीं, ऋषिकेश के कार्यक्रम के लिए वीसी पुरोहित प्रबंध निदेशक उत्तराखंड पेयजल निगम नोडल अधिकारी बनाए गए हैं।

गंगोत्री के कार्यक्रम के लिए पीसी गौड़ मुख्य अभियंता द्वितीय सिंचाई विभाग उत्तराखंड और बद्रीनाथ के कार्यक्रम के लिये केके रस्तोगी महाप्रबंधक निर्माण मंडल गंगा उत्तराखंड पेयजल निगम हरिद्वार को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

**हर रोज 1000 से ऊपर लोगों की हो रही मृत्यु**



29 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन सभी योजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इस संबंध में सचिव पेयजल और सिंचाई उत्तराखंड शासन नितेश कुमार झा ने मंगलवार को विधिवत आदेश जारी कर इन सभी कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। 29 सितंबर को प्रधानमंत्री हरिद्वार में चार, ऋषिकेश और मुनिकीरेती में तीन, गंगोत्री और बद्रीनाथ में दो एसटीपी का लोकार्पण करेंगे।

# विधानसभा उत्तराखण्ड का सत्र आज से शुरू होगा

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि विधानसभा उत्तराखण्ड का सत्र 23 सितम्बर 2020 को होना निश्चित हुआ है। इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विधानसभा के चारों ओर तीन सौ मीटर तक धारा 144 को लागू करने के निर्देश दिये गये है।

जिलाधिकारी ने कहा कि विधानसभा सत्र के दौरान जनपद में विभिन्न संगठनों तथा समुदायों द्वारा प्रदर्शन, धरना, अनशन एवं अन्य प्रकार की गतिविधियों के कारण शान्ति व्यवस्था पर प्रतिकूल रूप से प्रभावित होने की सम्भावना के चलते जनपद में विधानसभा परिसर के चारों ओर 300 मीटर की परिधि में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु दण्ड प्रकिया संहिता की धारा 144 तत्काल प्रभाव से लागू करने के आदेश पारित किये गये है। उन्हांने उक्त क्षेत्रान्तर्गत कोई भी व्यक्ति अग्नेयास्त्र, लाठी, हाकी स्टिक, तलवार अथवा तेजधार वाला अस्त्र-शस्त्र एव बम पटाका इत्यादि बारूद वाले अस्त्र, जिसका प्रयोग हिंसा के लिए किया जाता है को साथ लेकर नही चलेगा साथ इस परिधि में ईंट, रोड़ा पत्थर आदि एकत्रित नही करेगा।

उन्होंने कहा कि उक्त अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की नारेबाजी एवं लाउडस्पीकर का प्रयोग, सरकारी भवनों में नारे इत्यादि लिखना, साम्प्रदायिक भावना भड़काने वाले उत्तेजक भाषण करना, किसी भी प्रकार के भ्रामक साहित्य का प्रचार-प्रसार इत्यादि प्रतिबन्धित है। उन्होंने कहा कि उक्त क्षेत्रान्तर्गत किसी सार्वजनिक स्थान पर चौराहों पर पांच अथवा उससे अधिक व्यक्ति एकत्रित नही होंगे। उक्त आदेश 23 सितम्बर 2020 से विधानसभा सत्र की समाप्ति तक प्रभावी रहेंगे।

**निर्देश**

विधानसभा के चारों ओर तीन सौ मीटर तक धारा 144 को लागू करने के निर्देश

## संक्षिप्त समाचार

### सुपरवाइजर के कोरोना पॉजिटिव होने से नगर निगम दो दिनों के लिए बन्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। दून नगर निगम में एक बार फिर से एक सुपरवाइजर के कोरोना पॉजिटिव होने के कारण दून नगर निगम जन सामान्य के लिए दो दिनों के लिए बन्द कर दिया गया है। नगर आयुक्त विनय शंकर पांडे ने बताया कि एक सुपरवाइजर में कोरोनो संक्रमण की पुष्टि हई है सरकारी काम से यह सुपर वाइजर बीते दो दिनों से नगर निगम में भी आ रहा था। नगर निगम को दो दिन बन्द करके सेनेटाइज कराया जाएगा। नगर निगम अब जन सामान्य के लिए वृहस्पतिवार को ही खोला जाएगा।

### विपक्षी दलों ने लोकसभा सत्र का किया है बहिष्कार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला विपक्षी दलों के सदस्यों के साथ बैठक कर रहे हैं। निलंबित राज्यसभा सांसदों के साथ एकजुटता व कृषि विधेयकों के विरोध में विपक्षी दलों ने लोकसभा सत्र का बहिष्कार कर दिया है। निलंबित राज्यसभा सांसदों के समर्थन में विपक्षी दलों की प्रमुख पार्टी कांग्रेस ने लोकसभा सत्र का बहिष्कार किया है, जिन सांसदों को एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है, कांग्रेस ने उन सांसदों का खुल कर समर्थन किया है।

### यूपी में भव्य फिल्म सिटी का प्लान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** यूपी। सिने जगत के दिग्गजों के साथ मीटिंग में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फिल्म सिटी में वर्ल्ड क्लास सिविल व पब्लिक एमेनिटीज की स्थापना प्रस्तावित है। हमारा प्रयास रहेगा कि इसे डेडिकेटेड इंफोटेनमेंट जोन के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि आने वाला समय ओटीटी व मीडिया स्ट्रीमिंग का है। इसके लिए हाई कैपेसिटी, वर्ल्ड क्लास डाटा सेंटर की स्थापना भी इंफोटेनमेंट जोन में की जाएगी। यूपी में फिल्म सिटी को लेकर सीएम योगी सिने जगत के दिग्गजों से मुखातिब हुए।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# भारतीय दबाव के आगे झुका नेपाल

**विवादित नक्शे वाली किताब पर लगाई रोक**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

काठमांडू। चीनी राजदूत के इशारे पर चल रही नेपाल की केपी ओली सरकार ने देश के विवादित नक्शे वाली किताब के वितरण पर रोक लगा दिया है। नेपाल के विदेश मंत्रालय और भू प्रबंधन मंत्रालय ने शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी इस किताब के विषयवस्तु पर गंभीर आपत्ति जताई थी। इसके बाद नेपाली कैबिनेट ने शिक्षा मंत्रालय को निर्देश दिया कि वह न केवल इस किताब का वितरण रोके बल्कि उसके प्रकाशन पर भी रोक लगाए। नेपाली कैबिनेट के इस फैसले से शिक्षा मंत्री गिरिराज मणि पोखरल को करारा झटका लगा है।

काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक विदेश मंत्रालय और भू प्रबंधन मंत्रालय ने कहा था कि इस किताब में कई तथ्यात्मक गल्तियां और अनुचित कंटेंट है, इस वजह से किताब के प्रकाशन पर रोक लगाई गई है। कानून मंत्री शिव माया ने कहा, हमने यह निष्कर्ष निकाला है कि किताब के वितरण पर रोक लगा दी जाए। माया ने माना कि कई गलत तथ्यों के साथ संवेदनशील मुद्दों पर किताब का प्रकाशन गलत कदम था।